# वाणिज्य में स्नातक
# (बी. कॉम)

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

### बी. सी. ओ. सी. -131: वित्तीय लेखाकरण

सत्रीय कार्य
**2023–24**

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जुलाई 2023 से 30th जून 2024

प्रथम सत्र

इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -131: वित्तीय लेखाकरण

सत्रीय कार्य 2023—24

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसम्बर 2023 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2023 तक जमा करवायें।
2. वे छात्र जो जून 2024 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2024 तक जमा करवाना होगा।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -131** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **वित्तीय लेखाकरण** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ.सी.-131/टी. एम. ए./2023 - 24** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड – क

### (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)

**1.** होम एप्लाएंसेज लि. अवक्रय मूल्य पर 25% लाभ पर अवक्रय पर माल बेचता है। 31 दिसम्बर 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में हुए लेन – देन के विवरण निम्नलिखित हैं। **(10)**

| | | रु. |
|---|---|---|
| 1 जनवरी | लागत पर अवक्रय स्टॉक | 6,000 |
| | दुकान पर स्टॉक | 1,000 |
| | देय किश्तें | 600 |
| | प्राप्त नकद राशि | 16,000 |
| 31 दिसम्बर | लागत पर अवक्रय स्टॉक | 6,900 |
| | दुकान पर स्टॉक | 1,400 |
| | देय किश्तें | 1,000 |

देनदार प्रणाली के अंतर्गत अवक्रय पर होने वाले लाभ या हानि का परिकलन कीजिए ।

**2.** लेखाकरण की गुणात्मक विशेषताएं क्या है ? संक्षिप्त में विवेचना कीजिए। **(10)**

**3.** IFRS की संकल्पना की व्याख्या कीजिए। **(10)**

**4.** नीचे दिए गए लेन – देन रोजनामचे में दर्ज कीजिए। **(10)**

| 2018 | | रु. |
|---|---|---|
| फरवरी 1 | माल नकद ख़रीदा | 18,000 |
| फरवरी 2 | मिठुन से माल उधार ख़रीदा | 37,000 |
| फरवरी 5 | महेश को माल बेचा | 10,000 |
| फरवरी 8 | नकद बिक्री | 8,000 |
| फरवरी 9 | जयंत को नकद माल बेचा | 7,000 |
| फरवरी 11 | मिठुन को माल वापस किया | 4,000 |
| फरवरी 12 | महेश ने माल वापस किया | 1,000 |

**5.** हरिनाथ ने 1 जनवरी, 2016 को 50,000 रु. में एक प्लांट ख़रीदा। 1 जुलाई 2016 को एक और प्लांट 20,000 रु. में ख़रीदा गया तथा 1 जनवरी 2016 को ख़रीदे गये प्लांट के अप्रचलित हो जाने के कारण उसे 1 जुलाई 2017 को 20,000 रु. में बेच दिया गया। 1 जुलाई 2018 को एक नया

प्लांट 60,000 रु. में ख़रीदा गया तथा 1 जुलाई 2016 को ख़रीदे गए प्लांट को 15,000 रु. में बेच दिया गया। ह्रासित मूल्य ( written down value) पर प्रतिवर्ष 10% की दर से मूल्यह्रास का प्रावधान करना है। प्लांट खाता दिखाइए।

## खण्ड – ख

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक के हैं)**

**6.** लेखाकरण के लाभ एवं सीमाओं की संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए। **(6)**

**7.** खाता क्या है। खातों के विभिन्न वर्गों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। **(6)**

**8.** रिकॉर्ड संबंधी संकल्पनाओं के बारे में लिखें। **(6)**

**9.** दोहरा लेखा प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? **(6)**

**10.** बैलेंस शीट क्या है ? परिसंपत्तियों तथा देयताओं को व्यवस्थित करने की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए। **(6)**

## खण्ड – ग

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं)**

**11.** तलपट का क्या अर्थ है ? **(5)**

**12.** अवक्रय करार की क्या विशेषताएँ हैं ? **(5)**

**13.** "प्रेषण ठीक वैसा ही है जैसा कि विक्रय" संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए। **(5)**

**14.** कंप्यूटरीकृत लेखांकन के लाभों का वर्णन संक्षिप्त में कीजिए। **(5)**